विडम्बना की एक और बात है। मेरी इस बात को मैं चाहता हूं कि आप दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन तक पहुंचायें। जितनी भी अनआथोराइज्ड कालोनीज हैं उन में लाखों लोग दिल्ली के अन्दर ऐसे रह रहे हैं, लाखों मजदूर मजबूरी में रह रहे हैं और आज तक उनका एक भी राशन कार्ड नहीं बना है और वे कंट्रोल का गेहूं नहीं ले सकते हैं। आपको इस पर विचार करना चाहिये। बोगस राशन कार्डज् की आपको गम्भीरता से जांच करवानी चाहिये और जिन के पास बोगस राशन कार्ड हैं उनको सजा दिलानी चाहिये। जो वाजिब लोग हैं और जिन को राशन कार्ड चाहिये, उनको राशन कार्ड दिया जाना चाहिये। चावल जो आपने दिया है, वह दे कर आपने ठीक नहीं किया है।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या रिजल्टेंट आटा ला में प्रोहिबिटिड नहीं है? जनता पीरियड से मैं तुलना नहीं करना चाहता। गम्भीर चर्चा आए तो ऐसा होना ही नहीं चाहिये। लेकिन रिजल्टेंट आटे को आपने इस में जोड़ दिया है। क्या यह ठीक है? यह भूसा नहीं है इसको मैं मानता हूं। लेकिन रिजल्टेंट आटा वह आटा है जिस में से मैदा निकाला जा चुका है, सूजी निकाली जा चुकी है और जिस में पोषक तत्व बाकी रह गये हैं। क्या फूड एडल्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत यह अपराध नहीं है? एक्ट मेरे पास है। एडल्ट्रेशन की जो परिभाषा दी हुई है सैक्शन 2 की सब क्लाज डी में इसको आप एग्जेमिन करवाइये। आटे को रूल्ज में डिफाइन किया गया है और कहा गया है कि उस में मोयस्चर वगैरह कितना होना चाहिये। इसको आप देखें। आज सरकारी आदेश के द्वारा राशन की पूर्ति के लिये जो दे रहे हैं यह एक अपराध है फूड ऐडलटरेशन ऐक्ट के तहत। भगवान के लिये इस आटे को बन्द कर दीजिये और इसके बजाय औसतन तौर पर कम से कम दिल्ली के नागरिक के लिये 16 किलोग्राम प्रति यूनिट दीजिये। एक माननीय सदस्य ने फ्लोअर मिल्स के बारे में कहा, दिल्ली में 11 मिल्स हैं जिनको हर महीने आप 20, 40 हजार टन गेहूं कंट्रोल प्राइस पर देते हैं। यह

मैदा और सूजी कितने घरों में काम आती है ? सब हलवाइयों के यहां जाती है और कंट्रोल की दुकान पर न मैदा और न सूजी मिलती है । बोरी की बोरी हलवाई के यहां जाती है । क्या आप बाध्य नहीं करेंगे कि 50 परसेंट होल मिल आटा, जिसमें से सूजी और मैदा न निकाली गई हो, कंट्रोल प्राइस पर दिल्ली में फेयर प्राइस शौप्स पर मिले ? होल मिल आटा की प्राइस फिक्स कर के प्रति यूनिट यहां दिया जाय ।

उपाध्यक्ष जी, मुझे डर लग रहा है कि कहीं हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली को नमस्कार तो नहीं कर रहे हैं । सीमेंट के अन्दर जिस समय पूरा कंट्रोल था......

**राव बीरेन्द्र सिंह** : आटे में सीमेंट क्यों मिला रहे हैं ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: He will not be able to reply about cement.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : मैं कह रहा हूं कि जो मालिक थे जिस समय कंट्रोल था फैक्टरियों को इकोनामिक बनाने के लिये केवल 5 रू० प्रति बोरी वह मांग रहे थे । 30 रु० प्रति बोरी भाव था । उनकी मांग थी कि हमें 35 रु० प्रति बोरी कर दी जाय । आज सरकार की घोषणा के बाद 3 में से 2 बोरी कंट्रोल पर जा रही है 74 रु० में और एक बोरी जा रही है लगभग 67 रु० में । इन तीनों बोरियों की कीमत जोड़ कर अगर औसत निकालें तो एक बोरी पर 47 रु० सीमेंट के मालिक को मिल रहे है । इसका मतलब यह हुआ कि सीमेंट की बोरी पर जितना वह मांगते थे 35 रु० फी बोरी, उसके मुकाबले में 12 रु० प्रति बोरी आज उसको ज्यादा मिल रहा है । इसको आप कैसे जस्टीफाई करेंगे ? क्या यह पूंजीपतियों के हाथ में खिलवाड़ नहीं है ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: This double price policy will not generate black-money. So, this is good.

SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL: This will generate black money. It is better if you allow a discussion on this point.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You put your question to the Minister. I was simply trying to help you.

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : सवाल यह है कि 12 रु० अधिक प्रति बोरी उनको मिल रहा है । और ऐसे ही ऐडिबिल आयल में हो गया । तो मुझे लग रहा है कि कहीं सार्वजनिक वितरण प्रणाली को गुडबाई तो नहीं कर रहे हैं ।

अन्त में मैं जानना चाहता हूं कि दिल्ली में जो 10 लाख बोगस यूनिट्स के राशन कार्डस हैं उनकी मंत्री जी जांच कराकर कड़ी सजा देंगे ? और जो वाजिब लोग हैं झुग्गी झोंपड़ियों में रह रहे हैं और जिनके कार्ड नहीं बने हैं, जिनके कि बनने चाहियें, उनके राशन कार्ड बनायेंगे । और रिजल्टट आटा तथा चावल को हटा कर के, क्योंकि उत्तर भारत के लोग गेहूं खाते हैं, चावल नहीं मजदूर की जरूरत को देख कर 12 किलो की जगह पर कम से कम 15 या 16 किलोग्राम गेहूं करेंगे ?

अन्त में मैं यह जानना चाहता हूं कि फ्लोर मिलों से कम से कम 50 परसेंट होलमील आटे का प्रोडक्शन लेकर क्या कंट्रोल प्राइस फिक्स कर के वह दिल्ली के लोगों को बंटवायेंगे ?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : श्री कृष्ण कुमार गोयल की आटे की बात के लिये तो मैं यही कह सकता हूं कि रिजल्टेन्ट आटा देना न अपराध है, न फूड अडल्ट्रेशन एक्ट

[राव बीरेन्द्र सिंह]

में कोई खराब चीज है। बहुत सी स्टेट्स के अन्दर यह बंट रहा है, लोग इसको पसन्द करते है। इसकी कीमत बहुत कम है, इसलिये गरीब लोग इसको लेते हैं, न इसे पीसना पड़ता है और न इसके ऊपर और खर्चा करना पड़ता है। (व्यवधान)

मैं और भी एग्जामिन करा लूंगा, लेकिन यह जांच हो चुकी है कि यह भी एक पौष्टिक चीज है।

**एक माननीय सदस्य** : पौष्टिक है?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : हां, बिल्कुल। आप खाकर देखिये।

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : राजस्थान का कोई भूखा आदमी यह कहता तो अलग बात थी, लेकिन हरियाणा वाले यह कह रहे हैं कि पौष्टिक है?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : अभी आधे घंटे तक बोल रहे हैं, रिजल्टेन्ट आटा खाकर दो घंटे तक बोल सकेंगे। यह कोई बुरी चीज नहीं है।

दूसरी बात उन्होंने राशन कार्ड के मुतालिक कही है। मैंने खुद माना है कि राशन कार्ड के मुताबिक दिल्ली की आबादी बहुत ज्यादा दिखाई दे रही है, इसका मतलब साफ है कि बोगस राशन कार्ड हैं। उनकी छान-बीन होनी चाहिये, श्री गोयल की इस बात से मैं सहमत हूं। दिल्ली प्रशासन को हम कह रहे हैं, झुग्गी झोपड़ी......

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : दिल्ली प्रशासन का चुनाव करा दीजिये, इससे सब झगड़ा मिट जायेगा।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : उससे आटे की बात हल हो जायेगी? (व्यवधान)

क्या आप चुनाव के लिये काल अटेन्शन मोशन लाये हैं? सन् 1978 से लेकर 1980 तक झुग्गी झोंपड़ी वालों को कोई राशन कार्ड नहीं दिया गया, उसके लिये यह भाई जिम्मेदार हैं।

**श्री सूरज भान** : पहले जरूरत नहीं पड़ती थी।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : सन् 1980 में जब यह सरकार बनी तो उसके बाद हमने झुग्गी झोंपड़ी वालों को राशन कार्ड दिलवाने शुरू किये, उन गरीब लोगों को जो आ रहे थे। लेकिन हमारी पालिसी यह रही कि अगर नित नये लोग रोज आ गये, और उनको राशन कार्ड देने पड़ेंगे तो उसके मुताबिक बोगस कार्ड ज्यादा बनेंगे। फिलहाल दिल्ली प्रशासन ऐसा कर रहा है कि 1981 से पहले जो लोग झुग्गी झोंपड़ी में आबाद थे, उनको नये राशन कार्ड दिये जा रहे हैं। जहां हम यह चाहते हैं कि बोगस कार्ड न रहे, वहां हम यह भी चाहते हैं कि जो लोग इससे वंचित रह गये, जिनको यह नहीं मिले, उनका हक है कि राशन कार्ड उनको भी मिले,. लेकिन यह चीज बहुत देखभाल के बाद होनी चाहिये।

और कोई नई बात उन्होंने नहीं कही। सीमेंट की बात मैं नहीं कह सकता यह मेरा महकमा नहीं है।

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : फ्लोर मिलों के लिये जो आपने कहा, मेरा सजेश्न है कि क्या मदा और सूजी आप कंट्रोल से हटा देंगे?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : फ्लोर मिल्स को गेहूं इस बात को मद्देनजर रखकर दिया जाता है कि मैदा और सूजी की भी पब्लिक को जरूरत है। रिजल्टैंट आटे की कीमत अगर हम तय करें तो

मैदा और सूजी की कीमत वह बढ़ा सकते हैं। अगर मैदा व सूजी की कीमत थोड़ी ऊंची हो तो रिजल्टैंट आटा सस्ता बिक सकता है। दिल्ली में रिजल्टैंट आटा सारा सरकार को दे दिया जाता है और वह राशन की दुकानों के जरिये बहुत सस्ती कीमत पर बेचती है। यह कीमत 1 रुपये 49 पैसे किलो है। यह इतनी सस्ती कीमत है कि उसको हर गरीब आदमी लेना चाहता है। मैं पहले कह चुका हूं कि यह 20 किलो.... (व्यवधान)

अगर मिलें होलमील आटा बिना मैदा व सूजी निकाले बनाना शुरू कर दें तो उनको तो फायदा ही फायदा है, लेकिन फिर मैदा व सूजी कहां से आयेगी ? हमको सूजी भी चाहिये ना।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने को बिल्कुल दिल्ली तक सीमित रखूंगा। लेकिन हमारी यह शिकायत जरूर है कि सरकार ने बिहार में गेहूं के क्वोटे को कम कर दिया है, जिसका मैं विरोध करता हूं। सरकार कहती है कि वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली का और बढ़ाना चाहती है, लेकिन जो गेहूं के क्वोटे में कमी की गई है, उसका स्पष्ट मतलब है कि सरकार उसको कमजोर करना चाहती है।

अब सुनिए दिल्ली की बात। 1980 से पहले जिस राशन कार्ड पर आर " अर्थात राइस (चावल) लिखा रहता था, उस पर 7 किलो गेहूं और 13 किलो चावल लेने का अधिकार था, लेकिन अगर कोई ग्राहक चाहता था कि वह 20 किलो गेहूं ले लें, तो उसको दिया जाता था।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : लेकिन वह ब्लैक में चला जाता था।

**श्री रामावतार शास्त्री** : मैं बता रहा हूं कि क्या स्थिति थी।

वहीट अर्थात गेहूं के कार्ड पर दिया जाता था 18 किलो गेहूं और दो किलो चावल, लेकिन अगर कोई चाहता था, तो वह 20 किलो गेहूं ले सकता था।

1980 के बाद क्या स्थिति हो गई ? जिस व्यक्ति के पास राइस वाला राशन कार्ड था, उसे 4 किलो गेहूं और 16 किलो चावल दिया जाता था, लेकिन अगर कोई चाहता था, तो उसे 20 किलो चावल दे दिया जाता था। गेहूं वाले राशन कार्ड पर 12 किलो गेहूं और 9 किलो चावल दिया जाता था और अगर कोई चाहता था, तो उसे 20 किलो चावल दे दिया जाता था।

अब क्या पोजीशन हो गई है ? मैं आपके सामने तुलनात्मक आंकड़े रख रहा हूं। अब जो आंकड़े मैं रख रहा हूं, उन्हें मैं खाद्य और संभरण विभाग के कमिश्नर के सर्कुलर से क्वोट कर रहा हूं, जो दिल्ली प्रशासन के गजट में छप चुका है।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : तो वे ठीक ही होंगे। मैं क्या जवाब दूं ?

**श्री रामावतार शास्त्री** मैं बता रहा हूं कि अब क्या स्थिति कर दी गई है।

चावल वाले राशन कार्ड पर 3 किलो गेहूं, 16 किलो चावल और 1 किलो रिज़ल्टेंट आटा, जिसका मैं चोकर कहता हूं, वह आदमी के लिए नहीं है, जानवर के लिए हो सकता है, हम लोग जानवरों को चोकर खिलाते हैं। गेहूं वाले राशन कार्ड पर 10 किलो आटा, 9 किलो चावल और 1 किलो रिज़ल्टेंट आटा। लेकिन इसमें

[श्री रामावतार शास्त्री]

जो एक्सप्लेनेशन दी गई है, उसकी ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं ।

एक्सप्लेनेशन 1 इस प्रकार है :—

"It shall be permissible to draw resultant atta in lieu of wheat, but not *vice versa*."

अर्थात रिजल्टेंट आटे के बदले गेहूं नहीं मिलेगा, लेकिन गेहूं के बदले रिजल्टेंट आटा मिलेगा ।

एक्सप्लेनेशन 2 यह है :—

"It shall be permissible to draw rice in lieu of resultant atta and wheat, but the drawal of wheat or resultant atta shall not be permissible in lieu of rice."

यह कैसा अन्याय है ? इसका मतलब है कि सरकार के पास गेहूं का स्टाक कम है । अगर ऐसा है, तो मंत्री महोदय बताएं कि हमारा गेहूं का स्टाक कम हो गया है, अगर नहीं हुआ, तो यह कमी करने का क्या औचित्य है ? मुझे कोई औचित्य नहीं मालूम पड़ता । मंत्री महोदय ने अपने बयान में कहा है : "बफ़र स्टाक और खुले बाजार में गेहूं की समूची उपलब्धता को ध्यान में रख कर ही ऐसा किया गया है ।" मैं जानना चाहता हूं कि जब पूरा गेहूं दिया जाता था, तब बफ़र स्टाक की क्या स्थिति थी और आज क्या स्थिति है । इसी तरह चावल के बफ़र स्टाक की क्या स्थिति है ? तब पता चलेगा कि प्रोक्युरमेंट के बावजूद सरकार का बफ़र स्टाक पतला होता जा रहा है, यानी उसमें कमी आती जा रही है । इसलिए आप यह जरूर बतायें कि गेहूं और चावल के सम्बन्ध में आपके बफर-स्टाक की स्थिति क्या है ? आप दिल्ली के लोगों को बाजार पर निर्भर करना चाहते हैं । आप जानते हैं कि दिल्ली के निवासी अधिकतर गेहूं खाने वाले हैं, बहुत कम लोग ही चावल खाते हैं लेकिन आप उनको जबर्दस्ती चावल खिलाना चाहते हैं । आप जानते हैं कि बाजार में 200 से 225 रुपये क्वींटल के भाव पर गेहूं बिक रहा है । आपकी राशन की दुकान पर गेहूं एक रुपये 49 पैसे किलो बिकता है । राशन और बाजार के भाव में जो अन्तर है क्या उतना पैसा खर्च करने की स्थिति में दिल्ली के लोग हैं ? आप जानते ही हैं कि कौन लोग राशन कार्ड से सामान खरीदते हैं । गरीब लोग, झुग्गी-झोपड़ी वाले, मध्यम वर्ग के लोग आपकी राशन की दुकानों पर ही निर्भर करते हैं । एक ओर तो आप सरकारी कर्मचारियों के महंगाई-भत्ते को उनके प्राविडेण्ट फण्ड में जमा करते हैं और दूसरी ओर बढ़े हुए दाम पर बाजार से गेहूं खरीदने के लिए भी उनको मजबूर करते हैं । क्या खुले बाजार से गेहूं खरीदने की स्थिति में वे लोग हैं ? नहीं हैं । वे 1 रुपये 49 पैसे किलो पर गेहूं लेना चाहते हैं लेकिन आपने कोटा कम कर दिया तो आपकी यह बात समझ में नहीं आती है ....

MR. DEPUTY-SPEAKER: They can withdraw that amount from the GPF.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: I do not know when they will withdraw.

MR. DEPUTY-SPEAKER: They can withdraw.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: But not now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: After one year.

**श्री रामावतार शास्त्री** : तो मैं जानना चाहता हूं कि आपके बफर-स्टाक की स्थिति क्या है ? इसके बाद ही पता लग सकेगा कि दिल्ली की 62 लाख जनता के साथ

आपने जो बर्ताव किया है वह कहां तक गलत है या सही ।

फिर आपने कहा है--जहां तक केन्द्रीय सरकार का सम्बन्ध है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए दिल्ली संघ शासित प्रदेश के गेहूं के मासिक आवंटन को अगस्त, 1980 के मास के 25,000 मी० टन को बढ़ा कर दिसम्बर, 1980 में 30,000 मी0 टन और जनवरी, 1981 में 40,000 मी० टन कर दिया गया ।

जब आपने गेहूं की मात्रा बढ़ा दी, फिर 16 मार्च से गेहूं के राशन में कमी करने की क्या जरूरत थी ? जब आपने गेहूं बढ़ा दिया फिर कार्ड-होल्डर्स को गेहूं क्यों नहीं दे रहे हैं ? इसका कोई कारण तो जरूर होगा । मैं जानना चाहता हूं वह क्या कारण हैं ?

इसके अलावा अखबारों में ऐसी खबर छपी है कहीं वैसी ही बात तो नहीं है कि आप मुद्रा-कोष से पांच हजार करोड़ का जो ऋण ले रहे हैं, उसी का भूत आपके सिर पर चढ़ कर बोल रहा हो ? कहीं दबाव में आ कर तो नहीं आप ऐसा कर रहे हैं ? यह खबर अखबार में निकली है ।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : शास्त्री जी, आपका तसब्बुर बहुत दूर तक जाता है ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : इसके अलावा मंत्री जी ने कहा है कि झुग्गी-झोपड़ी वालों को उन्होंने कार्ड दिए हैं । मैं जानना चाहूंगा दिल्ली में रहने वाले झुग्गी-झोपड़ी वालों की टोटल संख्या कितनी है, उनमें से कितने लोगों को आपने कार्ड दिए हैं और कितने लोग बाकी हैं तथा उनके सम्बन्ध में आप क्या करना चाहते हैं ? ऐसे बहुत से लोग जिनके पास कार्ड नहीं हैं हमारे पास आ कर कहते हैं कि दस्तखत कर दीजिए । हम जानते नहीं कि वे सही आदमी हैं या गलत, इसलिए हम उनसे माफी मांग लेते हैं । किसी किसी मामले में बहुत जिद करते हैं तो जबर्दस्ती दस्तखत करने पड़ जाते हैं । बहरहाल कुछ गलत राशन कार्ड चल रहे हैं । जब स्वतंत्रता सेनानियों के मामले में भी बोगस लोग आ गए थे तो इसमें भी बोगस आ गए । ऐसे बोगस कार्डस को समाप्त करने में हम आपका साथ देंगे लेकिन वास्तव में जिनके पास कार्ड नहीं हैं उनको आप कार्ड दीजिए इसी परिप्रेक्ष में मैंने पूछा कि अगर झुग्गी झोंपड़ी वाले सबसे ज्यादा ऐसा करते हैं तो उनकी वास्तव संख्या कितनी है और उनको आपने कितने राशन-कार्ड दिए हैं ?

आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी आप राशन की दूकानों से गेहूं, चावल, सूजी, मैदा, चीनी, रिजल्टेन्ट आटा, पाम-आयल और रेपसीड-आयल देते हैं । लेकिन राशन दुकानदारों ने मुझे बताया है कि तेल बहुत कम मात्रा में देते हैं इसलिए सब लोगों को तेल नहीं मिल पाता है । राव साहब मैं बहुत जरूरी बात कह रहा हूं कृपया ध्यान दीजिए । रैप-सीड आयल और पाम आयल बहुत कम मात्रा में दिया जाता है, जिसका नतीजा यह होता है कि तमाम लोगों को नहीं मिल पाता है । लोग दौड़ते हैं, भागते हैं, नौकरी छोड़कर सामान के लिये लेने जाते हैं, फिर भी उनको संतोष नहीं होता है । इसलिए मैं आपसे जानना चाहता हूं कि क्या आपने कोई तरकीब सोची है कि सब लोगों को तेल मिल जाए ? लोग तेल भी खाते हैं, मेरे जैसे तो हैं नहीं कि उबली हुई खाते हों । आप राशन में सात चीजें दे रहे हैं और इसके अलावा जो आवश्यक चीजें हमारे जीवन से संबंधित हैं, उनको भी जोड़ने के लिए आप दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन से बात कर रहे हैं ?

[श्री रामावतार शास्त्री]

मैं चाहता हूं कि दस-बारह आइटम इसमें और जोड़ें, जैसे साबुन है, चाय है, कपड़ा है, इत्यादि । करोसिन तो आप देते ही हैं लेकिन और भी आवश्यक चीजें हो सकती हैं, जो जीवन से संबंधित हैं ।

अंत में मैं यह कहना चाहता हूं कि सभी लोग इस का विरोध कर रहे हैं। मेरे ख्याल में आप लोग भी विरोध कर रहे हैं । गेहूं का कोटा उनको पूरा दीजिए, जैसे पहले था कि 20 किलो गेहूं ले लें या चावल ले लें । विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने कहा है और अखबारों में भी पढ़ा है, सी. पी. आई. सी.पी.आई (एम), लोकदल, के लोगों ने कहा है और आपकी नीति का विरोध किया है कि कोई कटौती नहीं होनी चाहिए। 16 मार्च से पहले जितनी उनको मीकदार में चीजें मिलती थीं, गेहूं या चावल, ये सारी चीजें मिलती रहें । इन सब बातों का पुनर्विचार करके अपने को पुरानी स्थीति में लाना चाहते हैं या नहीं ?

**राव वीरेन्द्र सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, शास्त्री जी ने पहली बात तो यह कही कि गेहूं का स्टाक हमारे पास काफी न होने की वजह से हमने ये पाबन्दियां रखी है और कुछ कमी की है, एलोकेशन में। इस बात से मुझे इन्कार नहीं हैं, हम तो यह हमेशा कहते रहे हैं कि गेहूं के मामले में हमारी पोजीशन ऐसी नहीं है कि हम जितना स्टेट्स कहें उतना स्टेट्स को दे दें, हमें स्टाक भी रखना पड़ता है । 15 मिलियन टन से 20 मिलियन टन फूडग्रेन का स्टाक रखते हैं । जिसमें पालिसी के मुताबिक आधा गेहूं और आधा चावल हमारे पास होना चाहिए । लेकिन जब सूखा पड़ा तो काफी गेहूं की पैदावार घट गई और उसके बाद गेहूं का स्टाक भी काफी निकल गया। फूड-फार-वर्क कार्यक्रम और स्पेशल फूड-फार-वर्क प्रोग्राम सारे देश के अन्दर चलाया गया और स्टेट्स का कोटा भी बढ़ाया गया । जिस की वजह से होते होते अब काफी हमारे पास चावल की निसबत गेहूं का स्टाक कम हैं । इसमें फर्क पड़ गया है ।

**श्री रामावतार शास्त्री** : पहले उलटा था ।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : जैसा कि आपने पूछा हैं, पहली फरवरी, 1980 को चावल का बफर स्टाक 91 लाख टन से ऊपर था और गेहूं 74 लाख टन था । सन् 1981 फरवरी को घटकर हमारे पास चावल का स्टाक 70 लाख टन से कुछ ऊपर और गेहूं 43 लाख टन के लगभग रह गया । फिर इस साल फरवरी में चावल का स्टाक 64 लाख 22 हजार टन और गेहूं का स्टाक 48 लाख 2 हजार टन था । यह स्टाक कम हो गया है गेहूं 8 लाख टन से ऊपर हो गया है और चावल 64 लाख टन रह गया है, यह फिगर इस साल फरवरी की है । कहने का मतलब है कि गेहूं की मात्रा कम हो गई है।

अनाज को तकसीम करने की नीति सारे देश के लिए बनाई जाती है, खाली दिल्ली के हिसाब से नहीं चल सकते । जिस हिसाब से हमें दिल्ली को देना होगा, उसी तरह से बम्बई की मांग बढ़ेगी, कलकत्ता, साउथ की स्टेट्स और दूसरी स्टेट्स की मांग बढ़ेगी । फिर भी जहां तक दिल्ली का ताल्लुक है मैं तफसील में बता चुका हूं कि दिल्ली के साथ ज्यादा से ज्यादा रियायत भारत सरकार करती है । मैंने अभी गेहूं और दूसरी चीजों के

लिए बतलाया था। चीनी का एलोकेशन भी दिल्ली के लिए दूसरी स्टेट्स के मुकाबले ज्यादा है। पिछले साल से दिल्ली के लिए चीनी का विवरण हम मौजूदा पापुलेशन के हिसाब से कर रहे हैं, जब कि दूसरी जगह ऐसा नहीं है, वहां 1978 की पापुलेशन के हिसाब से है। दूसरी जगहों पर चीनी का राशन, मेरा मतलब है लैवी-चीनी का राशन 425 ग्राम है जब कि दिल्ली में 1000 ग्राम है, यानी 1 किलो है, जो घटकर 900 ग्राम या 950 ग्राम दिल्ली में दी जा रही है। जितनी राशन की शुगर दिल्ली में दी जा रही है देश भर में कहीं नहीं दी जाती। अनाज का जितना राशन दिल्ली में है देश भर में नहीं है। दिल्ली की मंडियों के अन्दर भी गेहूं हमेशा मिलता है, स्टेचूटरी राशन नहीं है....

**श्री रामावतार शास्त्री** : दाम ज्यादा है।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : दाम के मामले में आप की राय कुछ और है और मेरी राय कुछ और है। ओपन मार्केट में गेहूं का दाम घटता और बढ़ता रहता है। फसल आयेगी तो शायद लोग राशन की दुकानों से ही न लें।

दूसरी चीजों के लिए भी दिल्ली में खास सुविधा है। पाम-आएल, रेपसीड आयल, दिल्ली के अन्दर राशन की दुकानों से तकसीम किया जाता है। दिल्ली में वनस्पति की कीमत भी काफ़ी नीचे रखी जाती है। मिलें भी अपना माल दिल्ली एड-मिनिस्ट्रेशन को ज्यादा सप्लाई करती हैं जो हर महीने कोआपरेटिव स्टोर्स, राशन शाप्स और सुपर बाजार के जरिये बेचा जाता है। दिल्ली के अन्दर जितनी सहूलियतें मिलती हैं उतनी देश में शायद ही किसी शहर में मिलती हों। दिल्ली को जितना इम्पोर्टेड आयल चाहिए उस की जरूरत के मुताबिक एलोकेशन करते हैं। अगर किसी जगह कमी है तो उस में इन्तजाम की कमी हो सकती है, भारत सरकार की तरफ़ से दिल्ली के लिए एलोकेशन में कमी नहीं है। कहीं पर नहीं मिलता है, तो जब तक मुझे पता न लगे कि कौन सी दुकान पर कौन सी चीज नहीं मिल रही है, मैं कैसे उस की जांच कराऊंगा। आप मुझे बतलाइये तो मैं फौरन जाँच कराऊंगा .....

**श्री रामावतार शास्त्री** : मैं बतलाऊंगा। आप ने झुग्गी-झोपड़ियों के बारे में कुछ नहीं कहा।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर): उपाध्यक्ष महोदय, रेपसीड आयल आप कह रहे हैं कि मिल रहा है, लेकिन वास्तव में नहीं मिल रहा है, पिछले माह से नहीं मिल रहा है। आप का डिपार्टमेण्ट है आप पता लगवा सकते हैं।

**श्री रामावतार शास्त्री** : हम लोग भी पता लगायेंगे।

**श्री राम विलास पासवान** : मैंने आप को बीच में इण्टरप्ट किया था। आप के यहां दो विभाग हैं—एक जनगणना विभाग है और दूसरा आपूर्ति विभाग है। जनगणना विभाग की फिगर अलग है और आपूर्ति विभाग की अलग है। आपूर्ति विभाग कहता है 70 लाख यूनिटस के करीब हैं जबकि जनगणना विभाग कहता है कि 61 लाख हैं। आप लोग शायद यह मान कर चल रहे हैं कि जो जनगणना विभाग जो कहता है वह सही है और शायद इसीलिए कटौती की जा रही है। आज

[श्री राम विलास पासवान]

भी इस दिल्ली नगरी में जो लोग टेम्परेरी बेसिज पर काम कर रहे हैं, जिन के सम्बन्ध में शायद नोटिफिकेशन जारी किया गया है कि टैम्परेरी-कार्डस को रेगुलैराइज न किया जाय, रिन्यूअल न किया जाय। यदि आप पता लगायेंगे कि ये कौन लोग हैं तो आप को मालूम होगा कि ये सब-के-सब मजदूर लोग हैं जो दिल्ली में आ कर काम कर रहे हैं, आप के एशियन गेम्ज की कन्स्ट्रक्शन में लगे हुए हैं। जिन के पास कोई लिखने-पढ़ने वाला नहीं होता है--उनके कार्डस का रिन्यूअल आप की तरफ से रोक दिया गया है। सिर्फ जमुना-पार की फिगर्स को आप देखेंगे तो जमना-पार में 2 करोड़ से ज्यादा किलोग्राम आपको देना चाहिए। वहां उस को 50 परसेण्ट भी नहीं मिल रहा है।

मैं आप का ध्यान 30-11-81 के अनस्टार्ड क्वेश्चन नं० 1355 की तरफ खींचना चाहता हूं। इस प्रश्न के जवाब में आप ने कहा है कि जहां जनवरी, 1980 में, दिल्ली को 74.7 हजार टन एलोट करते थे, वहां अक्तूबर, 1980 में कम हो कर वह 51.7 लाख टन रह गया। यह फीगर आप के उस प्रश्न के जवाब में है। तो इस का मतलब यह है कि 74 लाख टन से घटा कर इस को आप 51 लाख टन पर ले आए और बीच-बीच में घट कर कभी कभी तो वह 47 लाख टन पर पहुंच गया था। आप ने कभी सोचा है कि आप के जो राशन कार्डधारी हैं, उन को कभी आप अधिक देते हैं और कभी कम देते हैं, यह बात हमारी समझ में नहीं आती है। ऐसा क्यों किया जाता है।

अभी शास्त्री जी ने एक बात चोकर के सम्बन्ध में कही। हिन्दी वाले जवाब को मैं देख रहा था, तो उस में इस आटे का नाम परिणामी आटा है और अंग्रेजी में उस को आप रिजल्टेंट आटा कहते हैं। अब यह परिणामी आटा या रिजल्टेंट आटा क्या होता है। आटा जो है वह अच्छा आटा हो सकता है या खराब आटा हो सकता है, यह रिजल्टेंट या परिणामी आटा क्या है।

**श्री कृष्ण कुमार गोयल** : मैदा और सूजी निकालने के बाद जो बचता है, उस को परिणामी आटा कहते हैं।

**श्री रामावतार शास्त्री** : असल में इस को चोकर बोलना चाहिए।

**राव वीरेन्द्र सिंह** : शास्त्री जी, चोकर और चीज होती है।

**श्री राम विलास पासवान** : एक दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे जैसा आदमी इस चीज को समझने में असमर्थ हैं कि एक तरफ तो आप कहते हैं कि हमारे पास स्टाक की कमी नहीं है और दूसरी तरफ़ आप लोगों को खाने को पूरा अनाज नहीं दे रहे हैं। आप कृषि मंत्री भी हैं और आप को पता होगा कि आज किसान तबाह हो रहा है। यह कहा जाता है कि स्टाक नहीं है। स्टाक क्यों नहीं है, यह बताना चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज होर्डिंग हो रहा है। मैं यह चार्ज लगा रहा हूं और आप अपने डिपार्टमेंट से इस बात की जांच करवाइए कि किसान के पास से जो गेहूं या चावल आता है, वह बढ़िया किस्म का आता है और वह बढ़िया आटा, बढ़िया गेहूं और बढ़िया चावल मार्केट में बिक जाता है लेकिन जो आप का कन्ज्यूमर है, जो उपभोक्ता है, उस को खराब माल दिया जाता है। बढ़िया माल या तो बाजार में जा कर बिक जाता है या फिर होर्ड हो जाता है और जो खाने वाला उपभोक्ता है, उस को

खराब किस्म का मिल मिलता है । तो वहां भी बंगलिंग होती है और इस चीज की जांच आप को करवानी चाहिए ।

जैसा मैंने पहले कहा है, आप की जो फीगर है, उसमें आप ने कबूल किया है कि आप ने भारी मात्रा में कटौती की है और खाली एक जगह पर आप ने कटौती नहीं की है बल्कि स्टेट्स के कोटे में भी कटौती की है और मैं सिर्फ एक ही उदाहरण आप को दूंगा। बिहार को जहां जनवरी में 69.8 लाख टन गेहूं आप ने दिया था वहां अक्तूबर में घट कर वह 42.8 लाख टन हो गया। इतनी बड़ी कटौती आप ने कर दी थी। दिल्ली में अभी जो वर्तमान पाजीशन है, उस के मुताबिक लगभग 50 परसेंट की कटौती आप ने कर दी। मैं एक बात यह कहना चाहूंगा कि यह बात हमारी समझ में नहीं आ रही है कि एक तरफ़ तो प्रोडक्शन बढ़ गई है, एक तरफ़ विदेशों से लाखों टन अनाज आ रहा है और दूसरी तरफ़ लोगों को खाने के लिए अनाज नहीं मिल रहा है। लोगों को खाने के रूप में आप चोकर खिला रहे हैं और ऐसी चीजें खिला रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। यह जो मालप्रैक्टिस हो रही है, इस तरफ मैं सरकार का ध्यान खींचना चाहूंगा और जब वह जवाब दे, तो इन प्रश्नों का उत्तर भी वह दे।

एक दूसरी चीज की तरफ मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान खींचना चाहूंगा। इन्होंने फूड फार वर्क प्रोग्राम का जिक्र किया और यह कहा कि इस प्रोग्राम के तहत हम को स्टेट्स को अनाज देना पड़ता है। जहां तक मेरी जानकारी है, बहुत सी स्टेट्स में फूड फार वर्क का प्रोग्राम बन्द कर दिया गया है, इसलिए कि आप के पास अनाज नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब यह सवाल किया जाता है कि लोगों को क्यों नहीं खिला रहेहो, तो कह दिया जाता है कि फूड फार वर्क में अनाज दे रहे हैं और जब यह कहा जाता है कि फूड आफर वर्क के लिए अनाज क्यों नहीं दिया जाता है, तो यह कह दिया जाता है कि हम लोगों को खिला रहे हैं। परिणाम यह है कि न तो लोगों को खाने को मिल रहा है और न फूड फार वर्क में ही अनाज दिया जा रहा है। तो फिर यह जा कहां रहा है? ऐसा लगता है कि इस देश में कहीं न कहीं होर्डिंग हो रही है, कहीं न कहीं जमाखोरी हो रही है और इस का पता लगाना सरकार का काम है।

आई० एम० एफ० के सम्बन्ध में अभी साथियों ने कहा कि आई० एम० एफ० ने लोन जा दिया है उसके अनुसार सबसीडी कम किया गया है और उसी का यह रिजल्ट निकल रहा है। भले ही यह बात टाप लेवल पर हो लेकिन मैं समझता हूं कि मंत्री जी भी टाप लेवल पर हैं और जो टाप लेवल पर फैसला होता होगा वह उनकी नालिज में होगा। क्या आप आई० एम० एफ० के कहने को इग्नोर कर सकते हैं? इसको देखना होगा।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि सब से महत्वपूर्ण चीज है वह यह है कि देश के लिए पैदावार जरूरी है। सभी चीजों की तह में, जड़ में यह चीज आ जाती है। आपने ठीक बताया कि आपके पास सामान कम है। जब सामान कम होता जाएगा तो कटौती होती जाएगी। जब आपको किसान पैदावार कर के गल्ला देगा तब आप भी बांटिएगा। किसान आपको अधिक पैदावार कर के तब देगा जब कि आप उसे उसकी उपज का उचित मूल्य दीजिएगा। जब आप उसको उचित मूल्य दीजिएगा तो वह भी आपको पैदावार कर के देगा हम यहां बहुत से तर्क-वितर्क में जा रहे

[श्री राम विलास पासवान]

हैं कि इतना चावल लो, इतना गेहूं लो, यह लो वह लो क्या इस से सारी समस्या का निदान हो सकता है ।

आप यह बताइए कि दूरगामी उपायों के रूप में प्रोडक्शन साइड में आपका क्या कार्यक्रम है और यह जो माल प्रेक्टिस और बनावटी गड़बड़ी, कृत्रिम कमी पैदा हो रही हैं इनको दूर करने के लिए आप क्या तुरन्त कदम उठाने जा रहे हैं ?

**राव बीरेन्द्र सिंह** : राम विलास जी को समझाना तो बड़ा मुश्किल है । इन के लिए तो मुझे कई वर्ष और पढ़ना पड़ेगा क्योंकि ये समझना ही नहीं चाहते । मैंने इतनी बात कही थी कि अकाल के टाइम पर व्हीट का स्टाक कम हो गया था। ये समझ रहे हैं कि फूड फार वर्क में स्टाक कम हुआ था । पीछे सारा हण्ड्रेड परसेंट खर्चा भारत सरकार बर्दाश्त करती थी और यह 14 मीलियन टन से ऊपर पहले कभी नहीं था । सन् 80 के अन्दर, 81 के अन्दर यह डिस्ट्रीब्यूशन ड्योढ़ा हो गया। उस वक्त भी हमारे स्टाक कम हुए । आज भी फूड फार वर्क प्रोग्राम जो है वह नेशनल रूरल डवलपमेंट प्रोग्राम कहलाता है । आपको यह प्रोग्राम मालूम नहीं, वह बन्द नहीं हुआ है ।

**श्री राम विलास पासवान** : बिल्कुल गलत है । यह बताइये कि किस स्टेट में वह चल रहा है ? (**व्यवधान**) ।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : हर स्टेट में, डिस्ट्रिक्ट में, ब्लाक में चल रहा है । फर्क सिर्फ इतना हुआ है कि पहले सारा अनाज दिया जाता था, अब प्रति वर्कर एक के॰ जी॰ दिया जाता हैं । (**व्यवधान**) आप आंखें बन्द कर के जो हो रहा है उससे इंकार क्यों करते हैं ? यह प्रोग्राम सब जगह चल रहा है और नेशनल रूरल एम्प्लाएमेंट प्रोग्राम के अन्दर एक वर्कर को एक के॰ जी॰ दिया जा रहा है

Mirdhaji, are you denying?

SHRI NATHU RAM MIRDHA (Nagaur): You say that there is a provision for supply of 1 kg. foodgrains. That is what you are saying...

RAO BIRENDRA SINGH: That is my statement before the House and I stick to it and it is true.

SHRI NATHU RAM MIRDHA: Your statement is all right, but still I request you to find out whether they are supplying 1 kg. foodgrains in any place. I tell you they are not. We can only request you to verify what you say.

**14 hrs.**

RAO BIRENDRA SINGH: Sir. we have clearly told the States that they must lift one kg. of foodgrains so that the poor people at least get some foodgrains for their daily needs. But, I know some States have requested us that instead of foodgrains, they should be given cash for materials as also for wages.

But, we are very strict about it. We have told them that cash will be given for purchase of material; under the NREP, cash will be given on the basis of two-thirds as wage and one-third in the form of foodgrains. That is one kg. It is supposed to be 3 kg. per worker—total. Out of that, 50-50 slare is between the States and the Centre. If any State is not lifting the foodgrains then we should release the orders for every State foodgrains also for cash. For six months, it was released earlier. Then, for the third quarter, so far as I remember, the orders have been issued for each State separately as to how much of foodgrains they are entitled to under N.R.E.P. and how much of cash they are entitled to for purchase of material and for wages.

Those orders have been issued long ago. If the States have not lifted the foodgrains, it may be on account of certain reasons about which I shall find out. Otherwise, from our side, allocation has been made. That is what I am saying. Mr. Paswan stated that temporary ration cards issued to the workers are not renewed in Delhi. That is not correct. Nobody has been denied renewal of the ration cards. Anybody who is residing in Delhi and who had temporary ration card, his ration card is being renewed. If there is any specific complaint which the hon. Member has, he can always bring that to my notice. I assure him that this is our policy and this is how the Delhi Administration is dealing with the problem and he should not go on the stories conveyed to him by the interested persons whose eyes are only on the coming elections in Delhi.

श्री राम विलास पासवान : ठीक है, जितनी हमारे पास चिट्ठियां आया करेंगी, सब आपके पास भेज दिया करेंगे ।

RAO BIRENDRA SINGH: Most welcome. हम लोग तो आपकी ही सेवा के लिए यहां बैठे हैं ।

We are trying to look after the needs of the people through the public distribution system. In Delhi, specially, cetrain items have been included, certain essential commodities have been included for the distribution through ration shops. Some other States have a large number of commodities as Shastri ji suggested More items can also be taken up. It is always up to the State and the Union territories to include whatever they want for issue through public distribution system. The public distribution in the country is expanding; it is not being reduced as has been suggested by my hon. friend. The number of fair price shops opened during the last two years has shot up to nearly three lakhs in this country. More than 60,000 new fair price shops have been opened. 80 per cent of them are in the rural areas of India. It is not that only the towns we are looking after.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again a 3 p.m.

**14.03 hrs.**

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fifteen of the Clock.*

---

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fifteen of the Clock.*

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

## BUSINESS OF THE HOUSE

MR. DEPUTY-SPEAKER: Statement by the Minister of Parliamentary Affairs and Works and Housing, Shri Bhishma Narain Singh.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): With your permission, Sir, I rise to announce that Government Business in this House during the week commencing 22nd March, 1982, will consist of:

1. Discussion and voting on the Demands for Grants in respect of the Budget (General) for 1982-83, under the control of:

(a) Ministry of Home Affairs.

(b) Ministry of Defence.

(c) Ministry of Health and Family Welfare.

2. Discussion on the Resolution seeking approval of the Proclamation dated 17th March, 1982, issued by the President in relation to the State of Kerala.